श्रीमाध्वगौड़ेश्वरग्रन्थमाला - ३४

❀ श्री श्रीगौराङ्गमहाप्रभुर्जयति ❀

ीमहामन्त्रव्याख्याष्टकम्

वृत्ति १०००
यादशमी
त् २०११

प्रकाशक—
कृष्णदास
(कुसुमसरोवर वाले)

पुस्तक मिलने का पता—
कृष्णदास बाबाजी (कुसुमसरोवर वाले)
श्रीमदनमोहनजी का मन्दिर,
वृन्दावन दरवाजा, मथुरा ।

मुद्रक—
रमनलाल बंसल,
पुष्पराज प्रेस, मथुरा ।

❀ भूमिका ❀

हरेकृष्ण महामन्त्र के सम्बन्ध में उत्कर्ष बिचार यह है कि—बत्तीस अक्षरात्मक हरे कृष्णादि सोलह नाममन्त्र को श्रीमन्महाप्रभु श्रीगौरांगचन्द्र ने महामन्त्र करके निर्देश किया तथा उसका मधुर उपदेश के द्वारा जगत में प्रचार कर जगवासी का महान् उपकार किया। आज कल जगबासी जिस "हरेकृष्ण" महामन्त्रका जप अनुष्ठानादि करते हैं उस पाठ को पढ़ाने वाले एक मात्र श्रीमन्महाप्रभु जी तथा उनके परिकर हैं। बिना अर्थ से मन्त्र निष्फल होता है, अतएव अर्थ जान कर मन्त्र का चिन्तमन-जपादि करना चाहिये। श्रीप्रभु ने "हरेकृष्ण" महामन्त्र का सामान्यतः जिस प्रकार अर्थ का उद्देश किया है, उनके परिकरों ने ठीक उस अर्थ को विस्तृत भाव से उपदेश देकर उसका सरस प्रचार किया। महाप्रभु के परिकरों में से प्राय सब ही इस मन्त्र का सरस अनुष्ठान करते थे। श्रीहरिदास ठाकुरादिक कतिपय महानुभाव नित्य तीन लाख मन्त्र का जप करके जल ग्रहण करते थे, यह सब ग्रन्थन में प्रसिद्ध है। ग्रन्थों में ऐसी कहावत है कि जो "लक्षेश्वर" अर्थात् एक लाख मन्त्र जाप नहीं करते थे उनके साथ महाप्रभु का व्यवहार नहीं रहा। फलतः प्रभु परिकर में सब कोई एक लाख मन्त्र का अनुष्ठान करते थे। अभी भी महाप्रभु के भक्त-वैष्णवगण उस उपदेश का पालन करते आ रहे हैं। अधिकांश वैष्णव-भक्त तो अपनी शक्ति के अनुसार एक लाख से लेकर तीन लाख पर्य्यन्त अवश्य जप किया करते हैं। फल में इस मन्त्र का प्रचार विस्तृत रूप से संसार में फैल गया।

कोई कोई कहते हैं कि—"कलिसन्तरण उपनिषद्" कथित "हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे। हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे" इस नाममाला को श्रीमन्महाप्रभु ने व्युत्क्रम रूप से अर्थात् उलट करके "हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे। हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे" इस प्रकार से पाठ कर महामन्त्र नाम से प्रचार किया। परन्तु यह धारणा निर्मूलक है। वेद का वेदत्व उसकी अनुपूर्वी वर्णमाला पर निर्भर है। किन्तु विधेयक

मन्त्रों का तथा स्तुतिवाक्यों का विभक्ति-परिवर्तन व्याकरण महाभाष्य में पतञ्जलि उल्लेख करते हैं। अतएव भगवन्नाम में भेद न होने के कारण कलिसन्तरणोपनिषद् का मन्त्र भी भिन्न नहीं है। जप की अवस्था में उसकी आवृत्ति एकाकार हो जाती है। फलतः वेदपाठ के नियमों में अधिकारि विशेष ही उस का जप कर सकता है यह कोई बन्धन "हरेकृष्ण" नाम को पूर्व में होने पर नहीं रहा। यहाँ पर और एक विचारणीय विषय यह है कि "कलिसन्तरण" में उस षोडशनामात्मक मन्त्र को नाम करके कहा गया है। यह मन्त्र है किम्बा उसकी यह दीक्षादिक विधि है इसका कोई उल्लेख नहीं है।

प्रायः कलिकाल में ब्राह्मण गण शूद्र की भांति अशुचि परायण होते हैं। आगम (तन्त्र) उक्त विधि के द्वारा उनकी शुद्धि हो सकती है, किन्तु वेदोक्त विधान के द्वारा शुद्धि असम्भव हो उठती है। विष्णुयामल में कहा है—

अशुद्धा शूद्रकल्पाहि ब्राह्मणाः कलिसम्भवाः।
तेषामागममार्गेण शुद्धि र्न श्रौतवर्त्मना॥

इसलिये कलिकाल में धर्म्म-कर्म्म साधन के लिये आगम अर्थात् तन्त्रोक्त विधान प्राधान्य रूप से सूचित होता है।

कृते श्रुत्युक्त मार्गः स्यात् त्रेतायां स्मृतिभावितः।
द्वापरे तु पुराणोक्तं कलावागमसम्भवः॥

श्रीमद्भागवत में—

इति द्वापर उर्वीश स्तुवन्ति जगदीश्वरम्।
नानातन्त्रविधानेन कलावपि तथा शृणु॥

इस श्लोक की टीका में श्रीधरस्वामि का वचन यथा—

"नानातन्त्रविधानेनेति कलौ तन्त्रमार्गस्य प्राधान्यं दर्शयति"।

आगमोक्त मार्ग में सब का अधिकार होता है। वेदोक्त मार्ग में शूद्र का अधिकार नहीं है। जिस प्रकार वेद में शूद्रादिकों का अनधिकार जान कर श्रीवेदव्यास जी ने सर्व्व साधारणार्थ

पुराणों की रचना की ठीक उसी प्रकार कलिकाल में महाप्रभु ने वेदोक्त "हरे राम" महामन्त्र में शूद्रों का अनधिकार देख सर्व-साधारण हित के लिये तन्त्रोक्त "हरे कृष्ण" महामन्त्र का ग्रहण कर उसका प्रचार किया। सिद्धान्त यह है—वेद में "हरे राम" क्रम से पाठ है और पुराण तन्त्रादि में "हरे कृष्ण" क्रम से पाठ है। महाप्रभु ने कलि-पीड़ित जीवों का वेदोक्त मन्त्र में अधिकार न देख कर आगम (तन्त्र) उक्त "हरे कृष्ण" मन्त्र से ही सब का मंगल हो सकता है इसलिये उसका उपदेश देकर सब को कृतार्थ किया। साथ ही साथ उस "हरे कृष्ण" महामन्त्र के द्वारा निज परम गुप्त धन प्रेमरत्न का प्राणिमात्र में प्रदान कर प्रभु के अन्तरंग परिकर बनाय दिया। निज परम अन्तरंगा ल्हादिनी शक्तिरूपिणी श्रीराधिका के प्रेम का आस्वादनार्थ नन्दनन्दन आपका अवतार हुआ था। आप ने उस राधाभाव का सरस आस्वादन किया तथा प्राणिमात्र को यत्किञ्चित् आस्वादन कराया। यह वस्तु और किसी अवतार में असम्भव होता था। अतएव उन्हें "महाप्रभु" करके सब कोई कहा करते हैं। कलियुग का धर्म्म नाम संकीर्त्तन है। उस का भी स्वयं आचरण कर सब को सिखाया। "नाम संकीर्त्तन" को समक्ष रख कर आप का प्राकट्य हुआ था। बहुत से लोक "नामकीर्त्तन" का याजन किया करते हैं, परन्तु वे सब नाम संकीर्त्तन के परम पिता श्रीमन्महाप्रभु से अपरिचित हैं फलतः वे प्रेम धन से वञ्चित होते हैं। अतएव सब के लिये यह चाहिये कि—हरेकृष्ण महामन्त्र के आदि उपदेशक, नामसंकीर्त्तन के जन्मदाता, प्रेमावतार श्रीगौरांग महाप्रभु का आश्रय लेकर प्रेमधन से धनी होवें। महाप्रभु तो प्राणिमात्र के उपास्य हैं। बिना उनकी उपासना से प्रेम नहीं मिलता है। वे किसी एक सम्प्रदाय की वस्तु नहीं है। वे तो समस्त सम्प्रदाय के परम धन हैं।

महामन्त्र के सम्बन्ध में आगम (तन्त्र) पुराणों का वचन—

ज्ञानामृतसारे—

शिष्यस्योदङ्मुखस्थस्य हरेर्नामानि षोडश।

संश्राव्यैव ततो दद्यान्मन्त्रं त्रैलोक्यमङ्गलम् ॥

ब्रह्मयामले—

हरिं विना नास्ति किञ्चित् पापनिस्तारकं कलौ ।
तस्माल्लोकोद्धारणार्थं हरिनाम प्रकाशयेत् ॥
सर्व्वत्र मुच्यते लोको महापापात् कलौ युगे ।
हरेकृष्णपदद्वन्द्वं कृष्णेति च पदद्वयम् ॥
तथा हरेपदद्वन्द्वं हरे राम इति द्वयम् ।
तदन्ते च महादेवि ! राम राम द्वयं वदेत् ॥
हरे हरे ततो ब्रूयाद्धरिनाम समुद्धरेत् ।
महामन्त्रञ्च कृष्णस्य सर्व्वपापप्रणाशकमिति ॥

राधातन्त्रे वासुदेव उवाच—

शृणु मात महामाये विश्वबीजस्वरूपिणि ।
हरिनाम्नो महामाये क्रमं वद सुरेश्वरि !

देव्युवाच—

हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे ।
हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे ॥
द्वात्रिंशदक्षराण्येव कलौ नामानि सर्व्वदम् ।
शृणु च्छन्दः सुतश्रेष्ठ हरिनाम्नः सदैव हि ॥
छन्दोहि परमं गुह्यं महत्पदमनव्ययम् ।
सर्व्वशक्तिमयं मन्त्रं हरिनाम्नः तपोधन ॥
हरिनाम्नोऽस्य मन्त्रस्य वासुदेव ऋषिः स्मृतः ।
गायत्री छन्द इत्युक्तं त्रिपुरा देवता मता ॥
महाविद्या सुसिद्धयर्थं विनियोगः प्रकीर्त्तितः ।
एतन्मन्त्रं सुतश्रेष्ठ ! प्रथमे शृणुयान्नरः ॥
श्रुत्वा गुरुमुखात् पुत्र दक्षकर्णे तपोधन ।
आदौ च्छन्दस्ततो मन्त्रं श्रुत्वा शुद्धो भवेन्नरः ॥
द्वादशाभ्यन्तरे श्रुत्वा कर्णशुद्धिमवाप्नुयात् ।
कर्णशुद्धिं विना पुत्र महाविद्यामुपास्य च ।

नारी वा पुरुषो वापि तत्क्षणान्नारकी भवेत् ॥

तत्रैव त्रिपुरावाक्यम्—

हरिनाम्ना विना पुत्र दीक्षा च विफला भवेत् ।
गुरुदेवमुखाच्छ्रुत्वा हरिनाम पराक्षरम् ।
ब्राह्मण-क्षत्र-विट्-शूद्राः श्रुत्वा नाम पराक्षरम् ।
दीक्षां कुर्य्युः सुतश्रेष्ठ महाविद्यासु सुन्दर ॥

तथाहि ब्रह्माण्डपुराणे राधाहृदयखण्डे द्वैपायनं प्रति लोमहर्षणवाक्यम्—

यत्त्वया कीर्त्तितं नाथ ! हरिनामेति संज्ञितम् ।
मन्त्रं ब्रह्मपदं सिद्धिकरं तद्वद नो विभो ! ॥

द्वैपायन उवाच—

ग्रहणाद् यस्य मन्त्रस्य देही ब्रह्ममयो भवेत् ।
सद्यःपूतः सुरायोऽपि सर्व्वसिद्धियुतो भवेत् ॥
तदहं वोऽभिधास्यामि महाभागवतो ह्यसि ।
हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे ।
हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे ॥
इत्यष्टं शतकं नाम्नां त्रिकालकल्मषापहम् ।
नातः परतरोपायः सर्व्ववेदेषु विद्यते ॥

तत्रैव वृषभानुं प्रति देव्या आदेशः—

गृहाण हरिनामानि यथाक्रममनिन्दितम् ।
पुलिने विरजा नद्या पुण्ये देवर्षिसेविते ॥
क्रतुर्नाम मुनिः श्रीमांस्तपते तपताम्बरः ।
तत्र गत्वा महाबाहो ! हरिनामानि संशृणु ॥
इति मन्त्रं प्रदायैव तदा स भगवान् क्रतुः ।
इदमाह वचः पथ्यं भूयो हरिमनुस्मरन् ।
अतः परं महाबाहो जप विद्यां समाहितः ॥ इति ॥

अनन्तसंहितायाम्—

"हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे ।

हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे ॥
षोडशैतानि नामानि द्वात्रिंशद्वर्णकानि हि ।
कलौ युगे महामन्त्रो सम्मतो जीवतारणे ॥"
"उत्सृज्यैतन्महामन्त्रं ये त्वन्यत्कल्पितं पदम् ।
महानामेति गायन्ति ते शास्त्रगुरुलङ्घिनः ॥"

महामन्त्र सम्बन्ध में वैदिक प्रमाण–

तथाहि कलिसन्तरण–उपनिषदि ।
नारदः पुनः पप्रच्छ तन्नाम किमिति ? सहोवाच हिरण्यगर्भः—

हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे ।
हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे ॥

इति षोडशनाम्नां कलिकल्मषनाशनं नातः परतरोपायः सर्व्ववेदेषु विद्यते ॥
तथाहि अथर्व्ववेदे पिप्पलादशाखायाम्–

स्वानन्दात् मूलमन्त्रेण सर्व्वं ल्हादयते विभुः ।
द्वे शक्तो परमे तस्य ल्हादिनी सम्विदेव चेति ॥

स वा एतं मूलमन्त्रं जपति हरिरिति कृष्णः इति राम इति च ।
अत्र श्लोको भवति–

मन्त्रो गुह्यः परमो भक्तिवेद्यो नामान्यष्टावष्ट च शोभनानि ।

हरे कृष्ण महामन्त्र का उपदेशक श्रीमन्महाप्रभु गौरांगदेव हैं इसका कुछ प्रमाण हम यहाँ पर उपस्थित कराते हैं–
श्रीपाद रूपगोस्वामिजी अपनी "स्तवमाला" ग्रन्थ में कहते हैं–

हरेकृष्णेत्युच्चैः स्फुरितरसनो नामगणना–
कृतग्रन्थिश्रेणी–सुभगकटिसूत्रोज्ज्वलकरः ।
विशालाक्षो दीर्घागल–युगल–खेलाञ्चितभुजः
स चैतन्यः किं मे पुनरपि दृशोर्यास्यति पदम् ॥

श्रीपाद प्रबोधानन्दसरस्वतीजी ने भी श्रीचैतन्यचन्द्रामृत नामक अपने प्रसिद्ध ग्रन्थ में ऐसा ही कहा–

वध्नन् प्रेमभरप्रकम्पितकरो ग्रन्थीन् कटीडोरकैः

संख्यातुं निजलोकमङ्गल–हरेकृष्णेति नाम्नां जपन् ।
अश्रुस्नातमुखः स्वमेव हि जगन्नाथं दिदृक्षुर्गता–
यातैर्गौरतनु र्विलोचनमुदं तन्वन् हरिः पातु वः ॥

इसकी रसिकास्वादिनी टीका में–

"हरिनाम–महामन्त्रः संख्यया जप्य इति शिक्षयतो"

श्रीपादरघुनाथदास गोस्वामिजी ने "स्तवावली" नामक ग्रंथ में कहा है–

निजत्वे गौडीयान् जगति परिगृह्य प्रभुरिमान्
हरेकृष्णेत्युच्चै र्गणनविधिना कीर्त्तयत भोः ।
इति प्रायां शिक्षां जनक इव तेभ्यः परिदिशन्
शचीसूनुः किं मे नयनसरणीं यास्यति पुनः ।

श्रीचैतन्यभागवत में नागरिकजनों के लिये प्रभु का उपदेश इस प्रकार वर्णन किया है—

आपने सभारे प्रभु करेन उपदेश ।
कृष्णनाम महामन्त्र शुनह विशेष ॥
हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे ।
हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे ॥
प्रभु बले कहिलाम एइ महामन्त्र ।
इहा गिया जप सभे करिया निर्ब्बन्ध ॥मध्यखण्ड २३ अ०

श्रीचैतन्यशतक में श्री सार्व्वभौमभट्टाचार्य्य का वचन–

विषण्णचित्तान् कलिघोरभीतान् संवीक्ष्य गौरो हरिनाममन्त्रम् ।
स्वयं ददौ भक्तजनान् समादिशत् कुरुष्व संकीर्त्तननृत्यवाद्यैः ॥

श्रीचैतन्यशतक में—

अनु ब्रह्माण्डयोर्मध्ये चैतन्येन समाहृताम् ।
हरेकृष्णरामनाममालां भक्तिपरायणाः ॥

तत्रैव–हरेर्नामप्रसादेन निस्तरेत् पातकीजनः ।
उपदेष्टा स्वयं कृष्णचैतन्यो जगदीश्वरः ॥
कृष्णचैतन्यदेवेन हरिनामप्रकाशितम् ।

येन केनापि तत्प्राप्तः धन्योऽसौ लोकपावनः ॥

श्रीचैतन्यचरितमहाकाव्य में आनन्दवृन्दावनचम्पूकार श्रीकविकर्णपूर महोदय ने कहा—

ततः श्रीगौराङ्गः समवददतीव प्रमुदितो
हरे कृष्णेत्युच्चै र्वद मुहुरिति श्रीमयतनुः ॥

गोविन्दकड़चा में—

वाहु पसारिया प्रभु ब्राह्मणे तुलिला ।
तार परे भक्ति भरे गान आरम्भिला ॥
ब्राह्मणेर घर जेन हैल वृन्दावन ।
हरिनाम शुनिवारे आइसे ग्राम्यजन ॥
हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे ।
हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे ॥

महाजनपदे—

मथिया सकलतन्त्र हरिनाम महामन्त्र,
करे धरि जीवेरे बुझाय ॥

हरिनाममङ्गल नामक ग्रन्थ में संग्रहीत महज्जन के पद—

"हरे कृष्ण महामन्त्र उपदेश कराइया
तुमि आमार आमि तोमार वले" ।
"हरि भजन पहु करिल उद्धारे ।
अत ए से महामन्त्र याचिल सभारे ॥"
"आचण्डाल पतित जीवेर घरे घरे जाइया ।
हरिनाम महामन्त्र दिच्छे विलाइया ॥"

श्रीचैतन्यमङ्गल में—

"हरे कृष्ण नाम सेइ वले निरन्तर ।"
"प्रसन्न श्रीमुखे हरे कृष्ण कृष्ण वलि ।
विजय हैला गौरचन्द्र कुतूहली ॥"
"हरे कृष्ण हरे कृष्ण वलि प्रेम सुखे ।
प्रत्यक्ष हैला आसि अद्वैत सम्मुखे ॥"

—: विज्ञप्ति :—

१—श्रीपादजीवगोस्वामि जी की "हरिनामव्याख्या"

यह व्याख्या श्रीमान् केशवदास जी "भागवतनिवास" रमण-रेती वाले के द्वारा मुझे प्राप्त हुई थी, जोकि पहले सङ्गीत-माधव व चैतन्यचन्द्रामृत के साथ प्रकाशित हो गई है।

२—श्रीपाद श्रीलरघुनाथदासगोस्वामि जी कृत "हरिनाममहामन्त्रव्याख्या"

३—श्रीमन्महाप्रभु के परिकर श्रीवक्रेश्वर पण्डित गोस्वामि की परम्परा में श्रीगोपालगुरु जी की "हरिनाममहामन्त्रव्याख्या"

ये दोनों व्याख्या पहले बंगानुवाद के साथ बंगाक्षर में प्रकाशित हुई हैं तथा अनेक प्राचीन पुस्तकालय से इनकी प्रति प्राप्ति हो रही है।

४—श्रीयुक्त हरिदासठाकुर तथा श्रीअद्वैतप्रभु का प्रसंगरूप सोलहनामबत्तीसाक्षरात्मक "महामन्त्रव्याख्या"

यह व्याख्या अन्यत्र "मुरारी कड़चा" के अन्तर्गत उपलब्ध हो रही है। श्रीगुरुदेव बाबाजिमहाशय के द्वारा प्रकाशित "साधक-कंठहार" में इसका प्रकाशन पहले हो गया है। सम्प्रति डाक्टर पूर्णचन्द्र जी, आगरा (प्रतापपुरा) निवासी के द्वारा रचित हिन्दी भाषा अनुवाद के साथ देवाक्षर में इसका प्रकाशन हुआ है।

५—श्रीचैतन्यदास जी विरचित "महामन्त्रव्याख्या"

यह व्याख्या श्रीलविश्वनाथ चक्रवर्त्ती महोदय के द्वारा विरचित "हरिनामार्थदीपिका" का संक्षेप रूप है। पहले पदकल्पतरु नामक संगृहीत ग्रन्थ में यह प्रकाशित हुई है।

६–"श्रीहरिनामषोडश" अथवा मन्त्रषोडश।

चतुः संप्रदाय (खालसा) के अन्तर्गत माध्वगौड़ेश्वर संप्रदाय के श्रीमहन्त श्रीरासबिहारीदास जी महाराज (मालसर) के द्वारा "श्रीगोकुलानन्द जी मन्दिर, वृन्दावन से इसकी एक कापी तथा बन्धुवर श्रीश्यामगोपालदास जी से दूसरी प्राप्त हुई।

७–श्रीहरेकृष्णराममहामन्त्रकवचम्।

कालिदह निवासी बाबा श्रीकिशोरीदास जी महाराज के शिष्य श्रीमान् शंकरलाल जी के पास एक प्राचीन प्रति तथा श्रीमान् श्यामगोपालदास जी के पास एक प्रति मुझे देखने में मिली।

८–महामन्त्रविधिः

यह व्याख्या श्रीयुक्त नरहरि सरकारठाकुर महोदय के मुखपद्म से विनिर्गत हुई थी, जो कि श्रीखण्डवासी, चिरस्मरणीय, गौरनिष्ठ श्रीराखालनन्द शास्त्री के द्वारा "भक्तिचन्द्रिका" में पटल रूप से प्रकाशित हुई है।

बाबा किशोरीदास महाराज कालीदह निवासी के आग्रह से तथा उनके अनुगत शिष्य "मुजफ्फरपुर" निवासी श्रीमान् आत्माराम जी की सम्पूर्ण अर्थ सहायता से यह "महामन्त्रव्याख्याष्टक" प्रकाशित होकर प्रेमी सज्जनों के समक्ष उपस्थित है। आशा है प्रेमी सज्जन इसका पठन-पाठन कर मेरे परिश्रम को सार्थक करेंगे। अनेक खोज करने पर भी श्रीलविश्वनाथ चक्रवर्त्ती जी की हरिनामार्थदीपिका मुझ को प्राप्त नहीं हुई। किसी सज्जन के पास हो तो सूचित करें।

विनीत—

कृष्णदास,

(कुसुमसरोवर वाले)

❀ अथ साधकोचितव्याख्या ❀

भक्तो द्विविधः साधकः सिद्धश्च। साधको द्विधा प्राथमिकः प्रात्यहिकश्च। देहेन सिद्धो नित्यसिद्धः। तत्र प्राथमिको निजचित्त-शुद्ध्यर्थं जपति—

(१) हे हरे, मच्चित्तं हृत्वा भववन्धनान्मोचय।
(२) हे कृष्ण, मच्चित्तमाकृष।
(३) हे हरे, स्वमाधुर्य्येन मच्चित्तं हर।
(४) हे कृष्ण, स्वभक्तद्वारा भजनज्ञानदानेन मच्चित्तं शोधय।
(५) हे कृष्ण, नामरूपगुणलीलादिषु मन्निष्ठां कुरु।
(६) हे कृष्ण, रुचिर्भवतु मे।
(७) हे हरे, निजसेवायोग्यं मां कुरु।
(८) हे हरे, स्वसेवामादेशय।
(९) हे हरे, स्वप्रेष्ठेन सह स्वाभीष्टलीलां श्रावय।

---

(१) हे हरे, मेरे चित्त का हरण कर संसार बन्धन से मोचन कीजिये।
(२) हे कृष्ण मेरे चित्त को आकर्षित कीजिये।
(३) हे हरे निज माधुर्य्य से मेरे चित्त का हरण कीजिये।
(४) हे कृष्ण निज भक्तजन के द्वारा भजन ज्ञान दान कर चित्त का शोधन कीजिये।
(५) हे कृष्ण नाम-रूप-गुण-लीलाओं में मेरी निष्ठा को बढ़ाइये।
(६) हे कृष्ण मेरी रुचि हो।
(७) हे हरे मुझे निज सेवायोग्य कीजिये।
(८) हे हरे निज सेवा का आदेश दीजिये।
(९) हे हरे निज प्रियजन के साथ अभीष्ट लीला का श्रवण कराइये।

(१०) हे राम, प्रेष्ठया सह स्वाभीष्टलीलां मां श्रावय ।
(११) हे हरे, स्वप्रेष्ठेन सह स्वाभीष्टलीलां मां दर्शय ।
(१२) हे राम, प्रेष्ठया सह स्वाभीष्टलीलां मां दर्शय ।
(१३) हे राम, नामरूपगुणलीलास्मरणादिषु मां योजय ।
(१४) हे राम, तत्र मां निजसेवायोग्यं कुरु ।
(१६) हे हरे, मां स्वाङ्गीकृत्य रमस्व ।
(१६) हे हरे, मया सह रमस्व ।

(बाबा श्रीकिशोरीदासजी से प्राप्त)

---

(१०) हे राम प्रिया के साथ निज अभीष्ट लीला का श्रवण कराइये ।
(११) हे हरे निज प्रियजन के साथ स्व अभीष्ट लीला का मुझ को दर्शन कराइये ।
(१२) हे राम प्रिया के साथ निज अभीष्ट लीला का दर्शन कराइये ।
(१३) हे राम नाम-रूप-गुण लीलाओं के स्मरण में मुझ को योजित कीजिये ।
(१४) हे राम उनमें मुझ को निज सेवा की योग्यता दीजिये ।
(१५) हे हरे मुझ को अङ्गीकार कर रमण कीजिये ।
(१६) हे हरे मेरे साथ रमण कीजिये ।

श्रीचैतन्यमुखोद्गीर्णा हरे कृष्णेति वर्णकाः ।
मज्जयन्तो जगत् प्रेम्णि विजयन्तां तदाह्वयाः ॥
यानि नामानि विरहे जजाप वार्षभानवी ।
तान्येव तद्भावयुक्तो गौरचन्द्रो जजाप ह ॥

❀ श्रीहरिनामव्याख्या ❀

हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे ।
हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे ॥

सर्व्वचेतो हरः कृष्णस्तस्य चित्तं हरत्यसौ ।
वैदग्धीसारविस्तारैरतो राधा हरा मता ॥ १ ॥
कर्षति स्वीयलावण्यमुरलीकलनिःस्वनैः ।
श्रीराधां मोहनगुणालंकृतः कृष्ण ईर्य्यते ॥ २ ॥
श्रूयते नीयते रासे हरिणा हरिणेक्षणा ।
एकाकिनी रहःकुञ्जे हरेयं तेन कथ्यते ॥ ३ ॥

सर्व्वचित्त हारी श्रीकृष्ण के चित्त को भी निज वैदग्धीसार विस्तार से हरण करने के कारण श्रीराधा "हरा" करके कही जाती हैं। "हरा" शब्द का सम्बोधन में "हे हरे" ॥ १ ॥

निज लावण्य तथा मुरली-कलध्वनि आदिक के द्वारा मनोहर गुणों से अलंकृत श्रीहरि ही श्रीराधिका को आकर्षित कर कृष्ण नाम से कथित होते हैं। कृष्णशब्द के सम्बोधन में "हे कृष्ण" ॥२॥

ऐसा सुना जाता है कि रासावसर में हरिणनयना, श्रीराधिका अकेली रहः कुञ्ज में श्रीहरि के द्वारा नीता हुई थीं, इसलिये हरा करके कही जाती हैं। सम्बोधन में "हे हरे" ॥ ३ ॥

अङ्गश्यामलिमस्तोमैः श्यामलीकृतकाञ्चनः ।
रमते राधया सार्द्धमतः कृष्णो निगद्यते ॥ ४ ॥
कृत्वारण्ये सरः श्रेष्ठं कान्तयानुमतस्तया ।
आकृष्य सर्व्वतीर्थानि तज्ज्ञानात् कृष्ण ईर्य्यते ॥५॥
कृष्णेति राधया प्रेम्णा यमुनातटकाननम् ।
लीलया ललितश्चापि धीरैः कृष्ण उदाहृतः ॥६॥
हतवान् गोकुले तिष्ठन्नरिष्टं पुष्टपुङ्गवम् ।
श्रीहरिस्तं रसादुच्चैरायतीति हरा मता ॥ ७ ॥
ह्यस्फुटं रायति प्रीतिभेरेण हरिचेष्टितम् ।
गायतीति मता धीरैर्हरा रसविचक्षणैः ॥ ८ ॥

श्रीहरि निज अंग की श्यामलिमाओं के द्वारा सुवर्ण पर्य्यन्त को भी श्याममय करते हुए श्रीराधा के साथ रमण करने के कारण श्रीकृष्ण करके कहे जाते हैं। सम्बोधन में "हे कृष्ण" ॥ ४ ॥

श्रीहरि ने अरण्य देश में कान्ता के द्वारा अनुमोदित होकर श्रेष्ठ सरोवर का निर्माण कर उस में समस्त तीर्थों का आकर्षण किया, इसलिये वे श्रीकृष्ण करके कहे जाते हैं। सम्बोधन में "हे कृष्ण" ॥ ५ ॥

श्रीकृष्ण राधिका के प्रेम से आवद्ध होकर यमुना के तट कानन में लीला से ललित होकर विराजमान हैं। अतएव धीरगण उन्हें कृष्ण करके कीर्त्तन करते हैं। सम्बोधन में "हे श्रीकृष्ण" ॥ ६ ॥

श्रीहरि ने गोकुल में विराजमान होकर हृष्ट-पुष्ट अरिष्टासुर का वध किया। उन श्रीहरि को जिसने अत्युच्च रसों से गान किया है वह श्रीराधा "हरा" हैं। सम्बोधन में "हे हरे" ॥ ७ ॥

श्रीराधिका प्रीति के द्वारा हरिचेष्टाओं को दान कराती हैं तथा स्वयं गान करती हैं, अतएव रसविचक्षण धीरों के द्वारा "हरा" करके मानी जाती हैं। सम्बोधन में "हे हरे" ॥ ८ ॥

रसावेशपरिस्रस्तां जहार मुरलीं हरेः ।
हरेति कीर्त्तिता देवी विपिने केलिलम्पटा ॥ ९ ॥
गोवर्द्धनदरीकुञ्जे परिरम्भविचक्षणः ।
श्रीराधां रमयामास रामस्तेन मतो हरिः ॥ १० ॥
हन्ति दुःखानि भक्तानां राति सौख्यातिचान्वहम् ।
हरा देवी निगदिता महाकरुणशालिनी ॥ ११ ॥
रमते भजतो चेतः परमानन्दवारिधौ ।
अत्रेति कथितो रामः श्यामसुन्दरविग्रहः ॥ १२ ॥
रमयत्यच्युतं प्रेम्णा निकुञ्जवनमन्दिरे ।
रामा निगदिता राधा रामो युतस्तया पुनः ॥ १३ ॥

देवी श्रीराधिका ने केलिपरायण होकर विपिन में रसावेश से उन्मत्त श्रीहरि की मुरली का हरण किया अतएव "हरा" करके प्रसिद्धा हैं। सम्बोधन में "हे हरे" ॥ ९ ॥

श्रीहरि गोवर्द्धन पर्वत की कन्दरा के कुञ्जों में आलिंगन परिरम्भण में विचक्षण होकर श्रीराधिका को रमण कराने के कारण "राम" हैं। सम्बोधन में "हे राम" ॥ १० ॥

परमकरुणामयी देवी श्रीराधिका भक्तों के दुःखों का हरण कर परम अनुगत सौख्य को प्रदान करती हैं अतएव वे "हरा" करके कही जाती हैं। सम्बोधन में "हे हरे" ॥ ११ ॥

जिनके भजन से भजनकारिओं का चित्त परम आनन्द सागर में रमण करता है "वह श्यामसुन्दर विग्रह श्रीहरि "राम" करके कहे जाते हैं। सम्बोधन में "हे राम" ॥ १२ ॥

श्रीराधा निकुञ्जवन मन्दिर में प्रीति के साथ अच्युत श्रीहरि को रमण कराने के कारण "रामा" करके कही जाती हैं। उन रामा श्रीराधा से युक्त श्रीहरि "राम" हैं। सम्बोधन में "हे राम" ॥१३॥

रोदनैर्गोकुले दावानलमाशयति ह्यसौ ।
विशोषयति तेनोक्तो रामो भक्तसुखावहः ॥ १४ ॥
निहन्तुमसुरान् यातो मथुरापुरमित्यसौ ।
तदागमद्गहः कामो यस्याः साऽसौ हरेति च ॥ १५ ॥
आगत्य दुःखहर्त्ता यो सर्वेषां व्रजवासिनाम् ।
श्रीराधाहारिचरितो हरिः श्रीनन्दनन्दनः ॥ १६ ॥

इति श्रीजीवगोस्वामिना विरचिता
हरिनामव्याख्या समाप्ता ।

गोकुल जनों के रोदन से दुःखित होकर श्रीकृष्ण ने दावानल का भक्षण कर उसे विशेष रूप से शोषण किया । इसलिये भक्त सुखावह वे "राम" करके कहे जाते हैं । सम्बोधन में "हे राम" ॥१४॥

श्रीकृष्ण असुरों का संहार के लिये मथुरापुर में गये, परन्तु एकान्त में वे व्रज में आकर जिन से मिले हैं वह श्रीराधा "हरा हैं । सम्बोधन में "हे हरे" ॥ १५ ॥

जो नन्दनन्दन श्रीकृष्ण ने मथुरा से आकर समस्त व्रजवासियों के दुःख का हरण किया वे श्रीराधिका के मनोहर चरित्र वाले श्रीहरि हैं । सम्बोधन में "हे हरे" ॥ १६ ॥

हरे कृष्ण कृष्णेति कृष्णेति मुख्यान्
महाश्चर्य्य-नामावली सिद्धमन्त्रान् ।
कृपामूर्त्तिचैतन्यदेवोपगीतान्
कदाभ्यस्य वृन्दावने स्यां कृतार्थः ॥

वृन्दावनशतके ।

श्रीलश्रीरघुनाथदासगोस्वामिप्रभुकृता

—: श्रीहरिनाममहामन्त्रस्य व्याख्या :—

हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे।
हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे॥

श्रीलदासगोस्वामिप्रभुकृतोऽस्यार्थः।

एकदा कृष्णविरहाद्ध्यायन्ती प्रियसङ्गमम्।
मनो बाष्पनिरासार्थं जल्पतीदं मुहुर्मुहुः॥
हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे।
हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे॥

१। "हे हरे" स्वमाधुर्य्येण मच्चेतो हरसि।

२। तत्र हेतुः "हे कृष्ण" इति। कृष् शब्दस्य सर्व्वार्थः नश्च आनन्दस्वरूप इति स्वार्थे नः। सच्चिदानन्द-स्वरूपक इति स्वीयेन सार्व्वदिकपरमानन्देन सर्व्वाधिकपरमानन्देन वा प्रलोभ्य इति भावः॥

३। ततश्च "हे हरे" धैर्य्यलज्जागुरुभयादिकमपि हरसि।

४। ततश्च "हे कृष्ण" स्वगृहेभ्यो वनं प्रति मामाकर्षसि।

एक दिवस श्रीकृष्णविरह से पीड़िता श्रीवृषभानुनन्दिनी उन प्राणवल्लभ की मिलन चिन्ता करती हुई मन की व्यथा दूर करने के लिये इन शब्दों को बार बार जप करने लगीं। हरेकृष्ण इत्यादि।

(१) हे हरे! तुम निज मधुरता के द्वारा मेरे चित्त को हरण करते हो। (२) इसका कारण यह है-"हे कृष्ण"। कृष् शब्द का अर्थ समस्त तथा ण शब्द का अर्थ आनन्द स्वरूप है। स्वार्थ में न प्रत्यय है। सब से अधिकतम श्रेष्ठ आनन्द के द्वारा लुब्ध करते हो। (३) अनन्तर हे हरे! तुम मेरा धैर्य्य, लज्जा तथा गुरुजनों का भयादिक हरण करते हो। (४) उसके अनन्तर हे कृष्ण! तुम मुझ को निज गृह से वन के लिये आकर्षण करते हो। (५) अन-

५। ततश्च "हे कृष्ण" वनं प्रविष्टाया मे कञ्चुकीं सहसैवागत्य कर्षसि ।

६। ततश्च "हे कृष्ण" मत्कुचौ कर्षसि (नखैराकर्षसि)।

७। ततश्च "हे हरे" स्ववाहुनिवद्धां मां पुष्पशय्यां प्रति हरसि।

८। ततश्च "हे हरे" तत्र निवेशिताया मे अन्तरीयमपि वलाद्धरसि।

९। "हे हरे" अन्तरीयवसनहरणमिषेणात्मविरहपीडां सर्वामेव हरसि।

१०। ततश्च "हे राम" स्वच्छन्दं मयि रमसे।

११। ततश्च "हे हरे" यदवशिष्टं किञ्चिन्मे वाम्यमासीत्तदपि हरसि।

१२। ततश्च "हे राम" मां रमयसि स्वस्मिन् पुरुषायितामपि करोषि॥

१३। ततश्च "हे राम" रमणीयचूडामणे! तव नवीनवक्त्रमाधुर्य्यमपि निःशङ्कं तदात्मानं तव रामणीयकं मन्नयनाभ्यां द्वयाभ्यामेवास्वाद्यते इति भावः॥

न्तर हे कृष्ण! जब मैं वन में प्रवेश करती हूँ तब तुम हठात् आ कर मेरी कँचुली को खींचते हो। (६) अतः परं हे कृष्ण! तुम मेरे स्तनद्वय का आकर्षण अर्थात् नखों के द्वारा चिह्नित करते हो। (७) उस के पश्चात् हे हरे! तुम मेरे को निज भुजपाश में बाँध कर पुष्पशय्या के पास ले जाते हो। (८) अनन्तर हे हरे! उस पुष्पशय्या में शयनकारिणी मेरे अधोवसन को हरण करते हो। (९) पश्चात् हे हरे! तुम अधोवसन के हरण छल से आत्मविरहजनित समस्त व्यथा को हरण करते हो। (१०) उसके पश्चात् हे राम! तुम स्वच्छन्द रूप से मुझ में रमण करते हो। (११) अनन्तर हे हरे! मेरी जो कुछ वामता थी अर्थात् विपरीत भाव था उसको भी हरण करते हो। (१२) अनन्तर हे राम!

१४। ततश्च "हे राम" केवलं रमणरूपेणापि रमणकर्त्तृ रमणप्रयोजकः किन्तु तद्भावरूपा (रतिपूर्णैव) रतिमूर्त्तिरिव त्वं भवसीति भावः ॥

१५। ततश्च "हे हरे" मच्चेतनामृगीमपि हरसि, आनन्दमूर्च्छां प्रायसीति भावः ॥

१६। यतो "हे हरे" सिंहस्वरूप, तदापि रतिकर्म्मणि प्रकटितमहाप्रागल्भ्य इति भावः ॥

१७। एवम्भूतेन त्वया प्रेयसा वियुक्ता क्षणमपि कल्पकोटीमिव कथं यापयितुं प्रभवामीति स्वयमेव विचारय इति नाम षोडशकस्याभिप्रायः। ततश्च नामभिश्चुम्बकैरिव कृष्णः कृष्णया सह सैवाकृष्टो मिलितपरमानन्द एव। तस्याः स्वसखीनां तत्परिवार-

---

तुम मुझ में रमण करते हो तथा हम को तुम में रति प्रदान के द्वारा पुरुषायिता अर्थात् पुरुषतुल्य करते हो। (१३) हे राम! तुम समस्त रमणीय वस्तु के शिरोमणि अर्थात् श्रेष्ठ हो। इसलिये तुम्हारे नवीन मुख माधुर्य्य तथा रमणीय भाव मेरे दोनों नेत्र से निःशङ्क आस्वाद्यमान होते हैं। (१४) हे राम! तुम रमण रूप होने पर भी केवल रमणकर्त्ता नहीं हो किन्तु उस भाव रूप मूर्त्तिमान परिपूर्ण रति स्वरूप भी हो। (१५) हे हरे! उसके पश्चात् मेरी चेतना रूपिणी मृगी को हरण करते हो अर्थात् आनन्द के हेतु मूर्च्छाग्रस्त कराते हो। (१६) इसके अनन्तर हे हरे! तुम सिंह स्वरूप हो। अतः क्रीडाविलास में महान् प्रगल्भता को प्रकट करते हो। (१७) हे प्रियतम! इस प्रकार प्राणवल्लभ तुम्हारे वियोग से उत्तप्ता मैं क्षण काल को भी कल्पकोटि की भाँति जानती हुई किस प्रकार समय बिताऊँगी इस का विचार तुम स्वयं करो ऐसा षोडश नाम का अभिप्राय है। अनन्तर इन नाम रूप चुम्बकों से श्रीकृष्ण आकृष्ट होकर परमानन्द के साथ श्रीराधिका के सह मिलते

वर्गस्य तद्भावसाधकानामर्व्वाचीनानामपि श्रीराधाकृष्णौ मानसं सम्पूरयत इति ।

"ह" कारे ललिता ख्याता "रे" कारे च श्रीदामकः ।
विशाखा च "कृ" कारे तु सुदामा च "ष्ण" कारके ॥१॥
सुचित्रापि "ह" कारे च "रे" कारेऽपि सुदामकः ।
"कृ" कारे चम्पकलता "ष्ण" कारे किङ्किणी तथा ॥२॥
तुंगविद्या "कृ" कारे च सुबलश्च "ष्ण" कारके ।
इन्दुलेखा "कृ" कारे च स्तोककृष्णः "ष्ण" कारके ॥३॥
"ह"कारे रङ्गदेवी च "रे" कारे गोप अर्ज्जुनः ।
"ह"कारे शशिरेखा च "रे" कारे च वरूथपः ॥ ४ ॥
"ह"कारे वसुदेवी च "रे" कारे उज्ज्वलस्तथा ।
हरिप्रिया च "रा" कारे "म" कारे च सुभानकः ॥५॥
"ह"कारे विमलादेवी "रे" कारे वृषभस्तथा ।
"रा"कारे पालिका चैव विमलश्च "म" कारके ॥६॥
"रा"कारे मञ्जुरी नाम्नी देवव्रतो "म" कारके ।
"रा"कारे मधुमती च "म" कारे तु महाबलः ॥७॥
"ह"कारे श्यामला ख्याता "रे" महाबाहुरेव च ।
"ह"कारे मङ्गलादेवी "रे" कारे च सुमेधसः ॥८॥
इत्यादि हरिनामाख्या गोपाश्च गोपनायिकाः ।
हरिनामानुसेविनां कुञ्जकुट्यान्तः संस्थितिः ॥ ९ ॥

इति श्रीदासगोस्वामिना विरचितं श्रीहरिनाममहामन्त्र-व्याख्यानं समाप्तम्

हैं । पश्चात् राधिका की सखियों का परिवारवर्ग, तथा उस भाव के साधक अर्व्वाचीनों का मानस श्रीराधाकृष्ण के द्वारा सम्पूर्ति प्राप्त होने लगा ।

प्रथम श्लोक से नवम श्लोक पर्य्यन्त अर्थ सरल है ।

श्रीलगोपालगुरुगोस्वामिकृता

श्रीहरिनाममहामन्त्रस्य व्याख्या

विज्ञाप्य भगवत्तत्त्वं सच्चिदानन्दविग्रहम् ।
हरत्यविद्यां तत्कार्य्यमतो हरिरिति स्मृतः ॥ १ ॥
आनन्दैकसुखः श्रीमान् श्यामः कमललोचनः ।
गोकुलानन्दनो नन्दनन्दनः कृष्ण ईर्य्यते ॥ २ ॥
वैदग्धीसारसर्व्वस्वं मूर्त्तलीलाधिदैवतम् ।
श्रीरावां रमयन्नित्यं राम इत्यभिधीयते ॥ ३ ॥
अज्ञान-तत्कार्य्यविनाशहेतोः सुखात्मनः श्यामकिशोरमूर्त्तेः ।
श्रीराधिकाया रमणस्य पुंसः स्मरन्ति नित्यं महतां महान्तः ॥४॥
विलोक्य तस्मिन् रसिकं कृतज्ञं
जितेन्द्रियं शान्तमनन्यचित्तम् ।
कृतार्थयन्ते कृपया सुशिष्यं
प्रदाय नाम प्रिय-युक्तपथ्यम् ॥ ५ ॥

---

(१) सच्चिदानन्द विग्रह भगवत्तत्व को जना कर अविद्या तथा उस का कार्य्य (संसार) का हरण करते हैं इसलिये उन को "हरि" करके स्मरण किया जाता है। (२) एक मात्र आनन्द के विनोदी, लक्ष्मीमान्, कमलनयन, गोकुल के आनन्दप्रद, नन्दनन्दन, श्याम-सुन्दर ही "श्रीकृष्ण" शब्द से कहे जाते हैं। (३) जो श्रीहरि सर्वोत्तम, रसिक चूड़ामणि, लीला के मूर्त्तिमान् अधिष्ठातृदेव हैं तथा जो नित्य श्रीराधिका को आनन्द प्रदान करते हैं, वे श्रीहरि "राम" करके कथित होते हैं। (४) अज्ञान तथा उसके कार्य्य जन्म मरणादि विनाश के लिये बड़े बड़े महात्मागण सुखात्मा, श्याम-किशोरमूर्त्ति, श्रीराधिकारमण, परम पुरुष का स्मरण करते हैं। (५) श्रीभगवान् में रसिक, कृतज्ञ, जितेन्द्रिय, शान्त, अनन्यचित्त

हरति श्रीकृष्णमनः कृष्णाह्लादस्वरूपिणी ।
ततो हरेत्यनेनैव श्रीराधा परिगीयते ॥ ६ ॥
कृषिर्भूवाचकः शब्दो णश्च निर्वृतिवाचकः ।
तयोरैक्यं परं ब्रह्म कृष्ण इत्यभिधीयते ॥ ७ ॥
रमन्ते योगिनोऽनन्ते सत्यानन्दे चिदात्मनि ।
इति रामपदेनासौ परब्रह्माभिधीयते ॥ ८ ॥
रासादिप्रेमसौख्यार्थं हरेर्हरति या मनः ।
हरा सा गीयते सद्भिर्वृषभानुसुता परा ॥ ९ ॥
ब्रह्मेशादीन्महेन्द्रञ्च यमं वरुणमेव च ।
प्रगृह्य हरते यस्मात्तस्माद्धरिरिहोच्यते ॥ १० ॥

तथाहि क्रमदीपिकायां चन्द्रं प्रति श्रीकृष्णः ।-

मम नाम शतेनैव राधानाम सदुत्तमम् ।
यः स्मरेत्तु सदा राधां न जाने तस्य किं फलम् ॥ ११ ॥

निज शिष्य को साधुगण योग्य जानकार उनके प्रिय, मंगलकर श्रीहरिनाम का प्रदान कर कृतार्थ करते हैं । (६) श्रीकृष्ण की ह्लादिनीशक्ति श्रीराधा श्रीकृष्ण का चित्त हरण करती हैं, इसलिये "हरा" शब्द के द्वारा श्रीराधिका कही जाती हैं। (७) "कृषि" शब्द भू अर्थात् सत्तावाचक और "ण" शब्द सुखार्थक है। इन दोनों शब्द के मिलन से नित्य सुखवाचक श्री "कृष्ण" पद व्युत्पन्न है उससे परब्रह्म अभिहित होता है। (८) योगिगण अनन्त, चिन्मय, सत्यानन्द स्वरूप, परवस्तु में रमण करते हैं इसलिये "राम" पद से परब्रह्म का कथन है। (९) जो रासादि प्रेमसुख के लिये श्रीहरि का मन हरण करती हैं वह श्रेष्ठा वृषभानुनन्दिनी "हरा' नाम से प्रसिद्धा हैं। (१०) ब्रह्मा, महेश्वर, महेन्द्र, यम, वरुणादि को बलपूर्वक हरण करने के कारण वे श्यामसुन्दर "हरि" नाम से

१। हरे-कृष्णस्य मनो हरति इति हरा राधा, तस्याः सम्बोधने हे हरे।
२। कृष्ण-राधाया मनो कर्षतीति कृष्णः तस्य सम्बोधने हे कृष्ण।
३। हरे-कृष्णस्य लोकलज्जाधैर्य्यादि सर्वं हरतीति हरा राधा तस्याः सम्बोधने हे हरे।
४। कृष्ण-राधाया लोक लज्जाधैर्य्यादि सर्वं कर्षतीति कृष्णः तस्य सम्बोधने हे कृष्ण।
५। कृष्ण-यत्र यत्र राधा तिष्ठति गच्छति वा तत्र तत्र सा पश्यति कृष्णो मां स्पृशति, बलात् कञ्चुकादिकं सर्वं कर्षति हरतीति कृष्णः तस्य सम्बोधने हे कृष्ण।

प्रसिद्ध होते हैं। (११) क्रमदीपिका नामक ग्रन्थ में चन्द्र के लिये श्रीकृष्ण का वचन यह है—मेरे शत नाम के साथ तुलना करने पर राधा नाम अत्युत्तम होता है। जो सर्वदा श्रीराधिका का स्मरण करता है उस का जो फल है उसको मैं नहीं जानता हूँ। अर्थात् वह फल मेरा दुर्ज्ञेय है।

नाममन्त्र व्याख्या—

(१) जो, श्रीकृष्ण के मन हरण करती हैं वह हरा अर्थात् राधा हैं, सम्बोधन में "हे हरे"। (२) जो, राधिका के मन का आकर्षण करते हैं, वे श्रीकृष्ण हैं उन का सम्बोधन में "हे कृष्ण"। (२) श्रीराधा श्रीहरि के लोक लज्जा, धैर्य्यादि को हरण करती हैं, इसलिये वह हरा हैं, सम्बोधन में "हे हरे"। (४) राधिका के लोक लज्जाधैर्य्यादिक समस्त आकर्षण करने के कारण श्रीहरि श्रीकृष्ण हैं, उनके सम्बोधन में हे "कृष्ण"। (५) श्रीराधा जहाँ जहाँ रहती हैं अथवा जहाँ जहाँ गमन करती हैं वह उन उन स्थान में देखती हैं कि श्रीकृष्ण मुझ को स्पर्श करते हैं, तथा बल पूर्वक व-

६। कृष्ण–पुनर्हर्षतां गमयति वनं कर्षतीति कृष्णः तस्य सम्बोधने हे कृष्ण।

७। हरे–यत्र कृष्णो गच्छति तिष्ठति वा तत्र तत्र पश्यति राधा ममाग्रे पार्श्वे सर्व्वत्र तिष्ठति इति हरा राधा, तस्याः सम्बोधने हे हरे।

८। हरे–पुनस्तं कृष्णं हरति स्वस्थानमभिसारयतीति हरा राधा, तस्याः सम्बोधने हे हरे।

९। हरे–कृष्णं वनं हरति वनमागमयतीति हरा राधा, तस्याः सम्बोधने हे हरे।

१०। राम रमयति तां नर्म्मनिरीक्षणादिनेति· रामः तस्य सम्बोधने हे राम।

११। हरे–तात्कालिकं धैर्य्यावलम्बनादिकं कृष्णस्य हरति इति हरा राधा, तस्याः सम्बोधने हे हरे।

स्त्राकर्षण करते हैं इसलिये वे कृष्ण हैं सम्बोधन में "हे कृष्ण!" (६) पुनः पुनः आनन्द प्रदान कराकर वन के लिये खींच कर ले जाते हैं इसलिये वे श्रीकृष्ण हैं सम्बोधन में हे "कृष्ण"। (७) श्रीकृष्ण जहाँ जहाँ जाते हैं अथवा रहते हैं, वे वहाँ वहाँ देखते हैं कि श्रीराधा मेरा समक्ष-पार्श्वदेश में सर्वत्र रहती हैं, इसलिये हरा शब्द से राधिका हैं सम्बोधन में हे हरे। (८) फिर उन कृष्ण को हरण करती हैं और अपने स्थान में अभिसार कराती हैं इसलिये हरा शब्द से श्रीराधा हैं, सम्बोधन में "हे हरे"। (९) श्रीकृष्ण को वन के लिये हरण कर आगमन कराती हैं इसलिये हरा शब्द से श्रीराधा हैं सम्बोधन में "हे हरे"। (१०) श्रीराधिका को परिहास तथा दर्शन आदि के द्वारा रमण कराते हैं इसलिये वे राम हैं सम्बोधन में "हे राम"। (११) श्रीकृष्ण के तात्कालीन धैर्य्यधार-

१२। राम–चुम्बनस्तनकर्षणालिङ्गनादिभिः रमते इति रामः, तस्य सम्बोधने हे राम।

१३। राम–पुनस्तां पुरुषोचितां कृत्वा रमयतीति रामः, तस्य सम्बोधने हे राम।

१४। राम–पुनस्तत्र रमते इति रामः, तस्य सम्बोधने हे राम।

१५। हरे–पुन रासान्ते कृष्णस्य मनो हृत्वा गच्छतीति हरा राधा, तस्याः सम्बोधने हे हरे।

१६। हरे–राधाया मनो हृत्वा गच्छतीति हरिः कृष्णस्तस्य सम्बोधने हे हरे।

रादि हरण करती हैं, इसलिये हरा "श्रीराधा" हैं सम्बोधन में "हे हरे"। (१२) चुम्बन, स्तनाकर्षण तथा आलिङ्गनादि के द्वारा स्वयं रमण अर्थात् आनन्दलीलाकारी हैं,इसलिये वे हरि"राम"हैं, सम्बोधन में "हे राम"। (१३) श्रीराधिका को पुरुष की भाँति करा कर रमण अर्थात् आनन्द उपभोग कराते हैं, इसलिये वे "राम" हैं, सम्बोधन में "हे राम" । (१४) पुनर्वार वहाँ रमण करते हैं, इसलिये श्रीहरि "राम" हैं,सम्बोधन में "हे राम"। (१५) और भी रासान्त में श्रीकृष्ण का चित्त को हरण कर गमन करती हैं, इसलिये श्रीराधा 'हरा" हैं, सम्बोधन में "हे हरे"। (१६) श्रीराधिका के चित्त को हरण कर गमन करते हैं, इसलिये "हरि" शब्द से श्रीकृष्ण हैं उस का सम्बोधन में "हे हरे"।

स्वपीतच्छटाच्छादितद्मादिसर्व्वं
श्रुतीनामतर्क्याद्भुतप्रेमचर्व्वम्।
शिवब्रह्मदेवैः स्तुतं सर्ववृत्तं
तटे वारिधे नृत्यति ब्रह्म मूर्त्तम्॥

श्रीचैतन्यचन्द्रामृतटीकायाम्॥

॥ श्री श्री हरिदास ठाकुर कृत ॥

षोलनाम वत्रिशाक्षरात्मकमहामन्त्र व्याख्या

एक दिन हरिदास निर्ज्जने वसिया।
महामन्त्र जपे हर्ष प्रेमाविष्ट हइया ॥ १ ॥
हाँसे काँदे नाचे गाय गर्ज्जे हुहुङ्कार।
आचार्य्य गोसाँइ आसि करे नमस्कार ॥ २ ॥
संकोच पाइया हइल भाव सम्वरण।
आचार्य्य प्रणमि तिहँ अर्पिल आसन ॥ ३ ॥
वसिया आचार्य्य गोंसाइ करे निवेदन।
एक वड संशय मने करह छेदन ॥ ४ ॥
कलियुग अवतार श्रीकृष्णचैतन्य।
चैतन्य भजये जेइ सेइ वड धन्य ॥ ५ ॥

नमश्चैतन्यचन्द्राय कोटिचन्द्राननत्विषे।
प्रेमानन्दाब्धिचन्द्राय चारुचन्द्रांशुहासिने ॥

एक दिन हरिदास निर्जनहिं बैठि।
महामन्त्र जपें हर्ष होइ प्रेमाविष्ट ॥ १ ॥
हाँसें काँदें नाचें गावें गर्जें हुहुंकार।
आचार्य्य गुसाईं आय करी नमस्कार ॥२॥
पाइकैं संकोच भाव-संवरन भयौ।
आचार्य्य प्रणमि तिन्हें सुखासन दयौ ॥३॥
आचार्य्य गुसाईं बैठि करी निवेदन।
एक बड़ौ संशै मनै करहि छेदन ॥ ४ ॥
"कलिजुग अवतार श्रीकृष्ण चैतन्य।
चैतन्य भजहि जोई सोई बड़ौ धन्य" ॥५ ॥

तुमि हओ चैतन्येर पार्षद-प्रधान।
श्रीकृष्णचैतन्य छाडि केन गाओ आन ॥ ६ ॥
अथवा कि मर्म्म जानि प्रेमानन्दे भास।
सर्वजीवे हरिनाम केन उपदेश ॥ ७ ॥
निवेदये हरिदास करि कर जोड़े।
तत्त्व तत्त्ववेत्ता तुमि केन पुछ मोरे ॥ ८ ॥
किंवा छल आचरह पामर शोधिते।
निवेदन करि शुन जाहा प्रेम चिते ॥ ९ ॥
कलियुगे श्रीकृष्णचैतन्य गूढ़ अवतार।
कोटि समुद्र गम्भीर नाम लीला जाँर ॥ १० ॥
गुरुभावे कराय तिहँ आपना यजने।
हरिनाम महामन्त्र दिल सर्वजने ॥ ११ ॥

"तुम हौ चैतन्य के पार्षद प्रधान।
चैतन्य कों छाड़ि तुम गाओ कैसें आन ?" ॥६॥
"अथवा कि कर्म्म जानि प्रेमानन्द भोय।
जीव-मात्र हरिनाम उपदेश होय ?" ॥ ७ ॥
निवेदहि हरिदास दोऊ कर जोरे।
तत्त्व, तत्त्ववेत्ता तुम्हीं, कस पूँछौ मोरे ? ॥८॥
किंवा छल करि यहि पामरहि शोधौ।
निवेदन करों सोई जो चित प्रबोधौ ॥ ९ ॥
"गूढ़ अवतार कलि श्री कृष्ण चैतन्य।
कोटि समुद्र गंभीर नाम-लीला धन्य !" ॥१०॥
गुरु-ज्यों कराय लोक अपुनौ यजन।
हरिनाम महामन्त्र दियौ सर्व्व जन ॥ ११ ॥

श्रीकृष्णचैतन्य कलियुग अवतार ।
हरिनाम महामन्त्र युगधर्म्म सार ॥ १२ ॥
महामन्त्रे श्रीकृष्णचैतन्य भिन्न कभु नय ।
नाम नामी भेद नाहि सर्वशास्त्रे कय ॥ १३ ॥
हरे—भानुसुता जेइ कृष्णप्रिया शिरोमणि ।
श्रीचैतन्यरूपे एवे हरे करि मानि ॥ १४ ॥
